# कार्यालय अंचल अधिकारी, माण्डू (रामगढ)

C.C NO. - 49/12-18

अभिलेख उपास्थापित।

S.B.I Kujju द्वारा श्री प्रितम सिंह पिता देशरथ सिंह पता घरकी ताड़ू के विरूद्ध राशि मो0 3635/- (तीन हजार छः सौ पैंतीस रुपये) वसुली हेतु निलाम पत्र वाद दायर किया गया है।

पूर्व में इस कार्यालय के पत्रांक 827 दिनांक 19/02/24 द्वारा शाखा प्रबंधक S.B.I. Kujju को पंजी IX से X के मिलान हेतु पत्र दिया गया, परन्तु इतने पत्रों के बाद भी उनके द्वारा पंजी IX एवं X के मिलान हेतु कोई कदम नही उठाया गया। जिस कारण IX से X का मिलान नही हो पाया। फलस्वरूप यह नही पता चल पाया कि बकायेदार पर कितना राशि बकाया है तथा कितना वसुल की गई है। इस कार्यालय संबंधित कार्यवाहक लिपिक अद्योहस्ताक्षरी के निदेश पर रटिस्टर IX से X से मिलान हेतु संबंधित बैंक में भेजा गया, परन्तु बैंक की किसी कर्मी द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी अभिरूचि नही ली गई है। जिस कारण पंजी IX से X का मिलान नही हो पाया। बकाया राशि का अद्यतन राशि की जानकारी नही हो पायी।

अतः उपरोक्त परिस्थिति में प्रथम पक्ष की अभिरूचि नही लेने एवं निलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा दिये गये निदेश का उल्लघंन करने तथा वाद का काफी दिनों से लंबित रहने के कारण इस वाद को स्थगित किया जाता है।

इसकी सूचना शाखा प्रबंधक, S.B.I Kujju /LDM, रामगढ़ तथा मुख्य प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची को दें।

उक्त प्रतिवेदन के आलोक में इस वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

अंचल अधिकारी
–सह–
निलाम पत्र पदाधिकारी
माण्डू

Digitally signed by Tripti Vijaya Kujur
Date: 2025.09.12 17:55:22 +05:30
Location: 10.254.50.166

Scanned with OKEN Scanner